अमर उजाला 21/08/2025

# जल संरक्षण और इसके सतत उपयोग के महत्व पर डाला प्रकाश



जीएमएन कॉलेज में जल बचाओ विषय पर गतिविधि का आयोजन किया। कॉलेज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग ने जल बचाओ विषय पर गतिविधि का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. रोहित दत्त के संरक्षण में किया गया। उन्होंने जल संरक्षण और इसके सतत उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

समाजशास्त्र विभाग ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह कॉलेज में स्नातकोत्तर छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. अमित ने किया। डॉ. तृप्ति शर्मा ने संयोजक के रूप में सभी छात्रों का अभिवादन किया। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को परीक्षा प्रणाली के बारे में बताया, वहीं, डॉ. केके पुनिया ने नई शिक्षा नीति की विशेषताओं का परिचय दिया, इसके अलावा कॉलेज में ओरिएंटेशन दिवस का आयोजन किया गया। संवाद